हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 212 कानपुर, शनिवार 30 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## परीक्षा के तनाव में छात्र ने ट्रेन के आगे कूद कर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

## देश का पहला इंटरनेशनल गोल्ड एक्सचेंज लॉन्च, पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज शुक्रवार को लॉन्च कर दिया गया. प्रधानमंत्री मोदी ने देश का पहला अंतरराष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज लॉन्च किया. बुलियन एक्सचेंज गांधीनगर के पास इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी (गिफ्ट सिटी) में स्थापित किया गया है. खबरों के अनुसार यह एक्सचेंज फिजिकल गोल्ड और सिल्वर की बिक्री करेगा । कहा जा रहा है कि इस शंघाई गोल्ड एक्सचेंज और बोरसा इस्तांबुल की तर्ज पर स्थापित करने का लक्ष्य है, ताकि भारत को बुलियन फ्लो के लिए एक प्रमुख क्षेत्रीय केंद्र बनाया जा सके. जानकारी के अनुसार यह एक्सचेंज एक साल की देरी, कई ट्रायल और ड्राई रन के बाद लॉन्च किया जा सका है । उच्च शुद्धता का फिजिकल गोल्ड और सिल्वर, जिसे बार, सिल्लियों या सिक्कों के रूप में रखा जाता है, उसे बुलियन कहा जाता है. बुलियन को कभी–कभी लीगल टेंडर माना जा सकता है. इसे अक्सर केंद्रीय बैंकों द्वारा स्वर्ण भंडार के रूप में रखा जाता है या संस्थागत निवेशकों द्वारा रखा जाता है । 1990 के दशक में नोमिनेटेड बैंकों और एजेंसियों के माध्यम से सोने के आयात का उदारीकरण हुआ था. उसके बाद पहली बार भारत में योग्य ज्वैलर्स को आईआईबीएक्स के माध्यम से सीधे सोना आयात की अनुमति दी गयी. इसलिए यह एक्सचेंज अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है. इसके लिए ज्वैलर्स को एक मौजूदा ट्रेडिंग मेंबर का ट्रेडिंग पार्टनर या क्लाइंट होना जरूरी है. एक्सचेंज ने भौतिक सोने और चांदी के भंडारण के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है । आईआईबीएक्स की ग्रोथ केवल




गिफ्ट सिटी तक ही सीमित नहीं होगी, बल्कि यह देशभर के सभी ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग हब्स तक होगी. योग्य ज्वैलर्स को आईआईबीएक्स के जरिए सोना आयात करने की अनुमति होगी. आईआईबीएक्स मेंबर के क्लाइंट ज्वैलर्स को यह सुविधा होगी. एक्सचेंज पर ज्वैलर्स उपलब्ध स्टॉक देख सकते हैं और ऑर्डर भेज सकते हैं. इससे ज्वैलर्स का इन्वेंट्री मैनेजमेंट काफी आसान होगा. इससे कीमत और ऑर्डर सिक्वेंसिंग में काफी अधिक पारदर्शिता आ जायेगी ।

## गृह मंत्री अमित शाह ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। शाह ने ट्वीट किया, आदरणीय राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। शाह ने ऐसे समय मुर्मू से मुलाकात की है, जब संसद में कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन की राष्ट्रपति पर की गयी एक विवादास्पद टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने–सामने है। चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द का उपयोग किया था। चौधरी की टिप्पणी को लेकर उठा विवाद थम नहीं रहा है और इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं कांग्रेस सदस्यों के परस्पर आरोप–प्रत्यारोप एवं हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। बता दें कि शाह



ने ऐसे समय में मुर्मू से मुलाकात की है, जब संसद में कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन की राष्ट्रपति पर की गई एक विवादास्पद टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने–सामने है । चौधरी की टिप्पणी को लेकर उठा विवाद थम नहीं रहा है और इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और कांग्रेस सदस्यों के परस्पर आरोप–प्रत्यारोप और हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई । इससे पहले मुर्मू के शपथ ग्रहण के दिन अमित शाह ने कहा था कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति चुनाव ये साबित करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आदिवासियों को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्धत है । शाह ने आगे कहा कि द्रौपदी मुर्मू का बतौर भारत का राष्ट्रपति चुनाव देश के लोकतंत्र के लिए एतिहासिक है ।

## हैप्पीनेस पाठ्यक्रम के चार साल पूरे, केजरीवाल बोले- छात्रों को ऐसा बनाना चाहते हैं, जो नफरत नहीं देश में प्रेम फैलाएं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी स्कूली शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को अच्छा मनुष्य, देशभक्त और रोजगार हासिल करने योग्य बनाना है। हैप्पीनेस पाठ्यक्रम के चार साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि जब वह सत्ता में आए थे, तब स्कूलों की स्थिति खराब थी और बोर्ड की परीक्षा के परिणाम भी अच्छे नहीं आते थे। उन्होंने कहा, लेकिन अब हम अच्छा कर रहे हैं। हमने विभिन्न पाठ्यक्रम जारी किए हैं और शैक्षणिक दबाव को कम किया है। हैप्पीनेस कक्षाओं से बच्चों का तनाव कम हुआ और इसलिए दिल्ली में छात्रों की आत्महत्या का कोई मामला भी नहीं सामने आया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे छात्रों को ऐसा बनाना चाहते



हैं, जो नफरत नहीं बल्कि देश में प्रेम के संदेश का प्रचार करें। केजरीवाल ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी ने भी दिल्ली सरकार की हैप्पीनेस कक्षाओं में हिस्सा लिया था और वह उससे काफी प्रभावित भी हुई थीं। सीएम केजरीवाल ने कहा मुझे याद है कि दिल्ली के एक सरकारी स्कूल के बच्चे ने कहा था देश का भविष्य प्राइवेट स्कूल के बच्चे होते हैं, हम नहीं। हमने 5 साल में 90,000 करोड़ एजुकेशन पर खर्च किया।

अब वो बच्चा कह रहा है सरकारी स्कूल के बच्चे भी देश का भविष्य हैं। हम सरकारी स्कूलों में ऐसे बच्चे तैयार करना चाहते हैं जो आने वाले समय में देश में नफरत नहीं, प्यार और मोहब्बत का पैगाम फैलाएं, ताकि हमारा देश दुनिया का नंबर 1 देश बन सके।

## सीएम योगी बोले- देश व धर्म की रक्षा के लिए प्रेरणापुंज है सिख गुरुओं का बलिदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले सिख पंथ को समाज के लिए महान प्रेरणा बताया है। उन्होंने कहा है कि गुरुनानक देव ने जिस विशुद्ध भक्ति धारा को प्रवाहित किया था, जब भी देश, समाज और धर्म को जरूरत पड़ी, तो इसे क्रांति पुंज बनने में देर नहीं लगी। सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हमें अपने धर्म, अपनी संस्कृति, परंपरा तथा राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए प्रेरित करता है। 9वें सिख गुरु तेग बहादुर जी के 401वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में सिख गुरुओं के प्रति अपने श्रद्धाभाव को प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने सिख समाज के त्याग, बलिदान की परंपरा, धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को भी नमन किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सानिध्य में गुरु तेग बहादुर जी के 401वें प्रकाश पर्व के आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए सीएम ने सिख परंपरा को इतिहास में उचित स्थान न मिलने पर रोष भी जताया। उन्होंने कहा कि आज हम मंगल ग्रह तक पहुंच रहे हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स की बात हो रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ दुनिया काफी आगे बढ़ गई है, लेकिन हमें अपने इतिहास को भी याद रखना होगा, क्योंकि इतिहास को भुलाकर कोई समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास भारत की गौरवशाली विजयगाथा का स्मरण कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम लोग श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन करते हैं, तो मंदिर को स्वर्णमंडित करने वाले



महाराजा रणजीत सिंह का स्मरण भी होता है।

महाराजा रणजीत सिंह, उनके वंशजों अथवा किसी सिख भाई ने कभी यह दावा नहीं किया कि हमने इस मंदिर को स्वर्णमंडित किया है। यह कृतज्ञतापूर्ण भाव प्रेरणास्पद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों ने देश व धर्म के लिए स्वयं का बलिदान कर दिया था। साहिबजादों का बलिदान कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। इतिहास अगर हममें गौरव का भाव भरता है, तो ऐतिहासिक गलतियों के परिमार्जन के लिए प्रेरित भी करता है।

## अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्मू से मांगी माफी, महामहिम पर की थी अमर्यादित टिप्पणी

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अपनी अमर्यादित टिप्पणी के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू माफी मांगी है। उन्होंने एक पत्र जारी कर माफी मांगी है। इसमें उन्होंने लिखा है– मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मेरी जुबान फिसल गई थी। मैं माफी मांगता हूं और आपसे इसे स्वीकार करने का अनुरोध करता हूं। वहीं, अधीर रंजन ने इसे लेकर भाजपा को निशाने पर लिया। रंजन ने कहा– मैं इंतजार कर रहा हूं कि भाजपा मुझे आतंकवादी घोषित करे और मुझे यूएपीए के तहत गिरफ्तार कराए। वे आदिवासियों के चौंपियन बनना चाहते हैं, लेकिन छुपाते हैं कि हत्याएं कैसे हो रही हैं। सोनिया गांधी के नेतृत्व में लाए गए कानूनों में बदलाव किया जा रहा है। वे आदिवासियों के खिलाफ काम कर रहे हैं। बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ का विरोध कर रहे थे और धरना दे रहे थे। बुधवार को धरने के दौरान ही अधीर रंजन चौधरी ने एक समाचार चौनल से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए गलत शब्द का इस्तेमाल किया। उनके बयान पर विवाद हुआ और संसद में खूब हंगामा मचा। गुरुवार को मॉनसून सत्र में कार्यवाही के दौरान जमकर हंगामा हुआ। अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए इस्तेमाल किए गए गलत शब्द को लेकर भाजपा नेताओं ने जमकर हंगामा किया। सत्ता पक्ष के सांसदों ने अधीर रंजन से माफी मांगने की मांग की। भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी का नाम घसीटा और उनसे भी माफी मांगने की मांग की। काफी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित भी करनी पड़ी थी। मामला तूल पकड़ता देख अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा, श्मैं राष्ट्रपति का अपमान करने के बारे में सोच भी नहीं सकता। यह सिर्फ एक गलती थी। अगर राष्ट्रपति को



बुरा लगा तो मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलूंगा और माफी मांगूंगा। वे चाहें तो मुझे फांसी दे सकते हैं। मैं सजा भुगतने को तैयार हूं लेकिन उन्हें (सोनिया गांधी) इसमें क्यों घसीटा जा रहा है? चौधरी के अनुसार, भाजपा के पास कांग्रेस के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह कांग्रेस के खिलाफ मसाला ढूंढ़ रही है। चौधरी ने कहा कि मुद्दे को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। देश की सर्वोच्च कुर्सी को नीचा दिखाने का मेरा कतई इरादा नहीं है।

## अन्ना विवि के दीक्षांत समारोह में बोले पीएम मोदी– कोरोना अप्रत्याशित संकट था, हमने डटकर मुकाबला किया




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन आज दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे। यहां अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के दौरान आई समस्याओं से लेकर विज्ञान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों पर बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी को अप्रत्याशित और सदी में एक बार आने वाला संकट करार देते हुए कहा कि देश ने अपने वैज्ञानिकों और आमजन की मदद से आत्मविश्वास के साथ इसका सामना किया। उन्होंने कहा कि कोविड–19 एक ऐसा अप्रत्याशित और सदी में एक बार आने वाला संकट था, जिसके निपटने की कोई तय नियमावली नहीं थी। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी ने हर देश की परीक्षा ली। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का स्वभाव सुधार करना है और यह सरकार प्रतिबंधात्मक नहीं, बल्कि उत्तरदायी है। उन्होंने ड्रोन एवं भू–स्थानिक और बुनियादी ढांचा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सुधारों का जिक्र किया। पीएम ने कहा, भारत ने अपने वैज्ञानिकों, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों, पेशेवरों और आमजन की मदद से अज्ञात (समस्या) का आत्मविश्वास से मुकाबला किया। इसके परिणामस्वरूप, भारत में हर क्षेत्र को नया जीवन मिल रहा है, चाहे वह उद्योग हो, नवाचार हो, निवेश हो या अंतरराष्ट्रीय व्यापार। उन्होंने कहा कि देश हर क्षेत्र में अग्रणी है और अवसर को बाधाओं में बदल रहा है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में देश की सहायता के लिए पूर्वप्रभावी कर को हटाने और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सुधारों की सराहना की।

# सम्पादकीय

## भारत में घटी है भूख की चुनौती

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रकाशित द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट–2022 के अनुसार, जहां दुनिया में भुखमरी की चुनौती बढ़ रही है, वहीं भारत में यह कम हो रही है. वर्ष 2019 में दुनिया में 61.8 करोड़ लोगों को पर्याप्त पोषण युक्त भोजन नहीं मिलने से भुखमरी का सामना करना पड़ा. वर्ष 2021 में यह संख्या बढ़कर 76.8 करोड़ हो गयी. भारत में पिछले 15 साल में भूख से जंग में थोड़ा सुधार हुआ है. वर्ष 2004 में भारत की 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी, 2021 में यह संख्या 22.4 करोड़ पर आ गयी. वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कार्यकारी निदेशक डेविड बस्ली और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बीच हाल में हुई बैठक में कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में भारत की सराहना की गयी. डेविड बस्ली ने कहा कि भारत ने दुनिया में खाद्यान्न की सुचारु आपूर्ति करके जरूरतमंद देशों में भूख की चुनौती को कम किया है. कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से हम महामारी के संकटकाल से लगातार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरित कर रहे हैं. वहीं भारत जरूरतमंद देशों को भी खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा हैं. इस समय वैश्विक भूख संकट चिंताजनक ढंग से बढ़ रहा है. दुनिया के 45 देशों में करीब पांच करोड़ लोग अकाल के कगार पर हैं. भुखमरी की बड़ी वजह लगातार बढ़ता हुआ जलवायु संकट है. रूस–यूक्रेन युद्ध से निर्मित खाद्यान्न की भारी कमी भी बड़ा कारण है. भोजन की बर्बादी भी एक अहम कारण है. बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार दुनिया में उत्पादित लगभग एक तिहाई से अधिक भोजन हर साल बरबाद होता है. वर्तमान में 23 देशों द्वारा खाद्यान्न निर्यात पर लगाये गये प्रतिबंधों के कारण खाद्यान्न संकट खड़ा हो गया है. ऐसे में अब वैश्विक भुखमरी की समस्या और बढ़ेगी.

बढ़ते वैश्विक भूख संकट के दौर में भारत में भूख की चुनौती में जो कुछ कमी दिख रही है, उसके लिए भारत की तीन अनुकूलताएं स्पष्ट हैं. एक, गरीबों के सशक्तीकरण की कल्याणकारी योजनाएं और गरीबी में कमी आना. दूसरा, कृषि क्षेत्र में सुधार तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना और तीसरा, भूख और कुपोषण दूर करने की प्रभावी योजनाएं. जैसे–जैसे गरीबी की दर में कमी आती है, वैसे–वैसे भुखमरी में भी गिरावट आती है. हाल ही के वर्षों में गरीबों के कल्याण और विकास का नया अध्याय लिखा गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक–2022 का शुभारंभ करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों को नकदी हस्तांतरण किया गया. लोगों के बैंक खातों में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) से 23 लाख करोड़ रुपये जमा कराये गये हैं.

बावन मंत्रालयों की ओर से संचालित 300 सरकारी योजनाओं का लाभ डीबीटी से लाभार्थियों तक पहुंचने से गरीबों का सशक्तीकरण हो रहा है. इसी वर्ष 2022 में विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित पॉलिसी रिसर्च पेपर्स में कहा गया है कि हाल के वर्षों में भारत में गरीबी घटी है. विश्व बैंक के रिसर्च पेपर में कहा गया है कि देश में 2011 में अति गरीबी की दर 22.5 प्रतिशत थी, वह 2015 में 19.1 प्रतिशत रह गयी.

साल 2019 में यह दर मात्र 10 प्रतिशत रह गयी. विश्व बैंक के रिसर्च पेपर के तहत लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था का अध्ययन शामिल नहीं है, वहीं अप्रैल 2022 में प्रकाशित आईएमएफ के रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर के प्रभावों को भी शामिल किया गया है. मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभायी है. इससे निश्चित रूप से भुखमरी में भी कमी आयी है. भारत में भूख के मोर्चे पर सुधार के पीछे पिछले सात–आठ वर्षों में कृषि विकास का बढ़ना महत्वपूर्ण कारण है. तीन वर्षों में कृषि ही ऐसा क्षेत्र रहा है, जिसमें विकास दर नहीं घटी है. जिस तरह केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा कृषि के विकास के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, उनसे खाद्यान्न उत्पादन बढ़ रहा है. चालू फसल वर्ष 2021–22 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.45 करोड़ टन रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है. देश में भूख और कुपोषण दूर करने के लिए लागू की गयी विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन, वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं. देश को भुखमरी की चुनौती से बचाने के लिए अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है. कृषि क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के अधिक प्रयास जरूरी है. चूंकि, खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार भारत में उत्पादित लगभग 40 फीसदी भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है, जिसकी कीमत करीब 92,000 करोड़ रुपये है, देश में भोजन की बर्बादी को बचाना होगा. देश में कुपोषण और भूख की चिंताएं कम करने के लिए इस क्षेत्र की ओर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीआरआर) व्यय का प्रवाह बढ़ाकर भी बड़ी संख्या में लोगों को कुपोषण और भूख की पीड़ाओं से राहत दी जानी चाहिए. संयुक्त राष्ट्र की द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट–2022 के मद्देनजर, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा देश के करोड़ों लोगों को भूख की चुनौती से बाहर लाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाये जायेंगे.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।

# अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस – 30 जुलाई

माता–पिता और परिवार के साथ आपका रिश्ता जन्म के साथ जुड़ जाता है। लेकिन दोस्ती एक ऐसा रिश्ता होता है, जो लोग पहली बार खुद से बनाते हैं। ये आपकी भावनाओं पर आधारित रिश्ता है। बचपन में एक बच्चा अपने दिल से किसी अन्य बच्चे से जुड़ता है, उसके साथ खेलने जाता है। दोनों को एक दूसरे का साथ पसंद आता है, तो वह एक दूसरे के साथ रोज खेलना शुरू कर देते हैं। यही दोस्ती होती है। ऐसा ही भाव बड़े होने पर भी लोगों के बीच देखने को मिलता है। घर व आस पड़ोस से लेकर स्कूल–कॉलेज और ऑफिस तक में आपको एक अच्छे दोस्त का साथ मिल सकता है। दोस्त के साथ आप अपने दिल की बात शेयर करते हैं। उसपर विश्वास करते हैं, अपने सपने, सीक्रेट शेयर करते हैं। दोस्त भी आपको प्रोत्साहित करता है, गलत करने पर सलाह देता है। अगर आपके पास भी कोई ऐसा दोस्त है, तो 30 जुलाई का दिन इसी दोस्ती को सेलिब्रेट करने के लिए है। दुनिया के देश दो बार मित्रता दिवस मनाते हैं।

भारत समेत बांग्लादेश, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देश हर साल अगस्त के पहले रविवार को दोस्ती दिवस मनाते हैं। हालांकि अन्य कई देशों में 30 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय दोस्ती दिवस पहली बार 30 जुलाई 1958 को विश्व मैत्री धर्मयुद्ध ने प्रस्तावित किया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय नागरिक संगठन है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2011 से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र ने दोस्ती और उसके महत्व को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस दिन को बढ़ावा दिया। अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस यूनेस्को द्वारा शांति की संस्कृति के प्रसार के लिए की गई एक पहल है, जिसमें दुनिया के तमाम देशों में दोस्ती के माध्यम से खुशी और एकता के संदेश को फैलाने के समाधान के तौर पर यह दिन अस्तित्व में आया। इस दिन लोग अपने दोस्तों के साथ मिलकर हैंगआउट करते हैं, पार्टी और अन्य तरीकों से एक दूसरे के साथ वक्त बिताते हैं। अपने भावों को प्रकट करते दोस्ती के रिश्ते को और अधिक मजबूत करते हैं।




# अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से 4 लग्जरी कारें गायब, सीसीटीवी की मदद से तलाश में जुटे अधिकारी

बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के कोलकाता स्थित डायमंड सिटी आवास से चार लग्जीर कारें गायब हैं. सूत्रों की माने तो अर्पिता के फ्लैट से गिरफ्तार किए जाने के बाद से ही कारें गायब हैं. इस मामले में अधिकारी सीसीटीवी फूटेज के जरिए कारों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं.

**अर्पिता के फ्लैट से 50 करोड़ रुपये बरामद**

गौरतलब है कि ईडी ने बीते दिन अर्पिता मुखर्जी के एक अन्य फ्लैट से आभूषण और विदेशी मुद्रा के अलावा 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की थी. अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर अभी तक 50 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गयी है. ईडी अधिकारियों ने गुरुवार और बुधवार को दक्षिण कोलकाता के राजदांगा और उत्तरी कोलकाता के बेलघरिया में विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे थे.

**ईडी ने अर्पिता के कई ठिकानों पर मारा छापा**

अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुखर्जी ने ईडी को इन संपत्तियों की जानकारी दी है. ईडी अधिकारियों को बेलघरिया के रथतला इलाके में दो फ्लैट्स में घुसने के लिए दरवाजा तोड़ना पड़ा, क्योंकि उनकी चाभियां नहीं मिली थी. अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान फ्लैट्स से कई अहम दस्तावेज भी बरामद किए गए है.

**भारी मात्रा में नकदी मिलने पर हुई पार्थ की गिरफ्तारी**

आपको मालमू हो कि ममता बनर्जी की सरकार में प्रभावशाली मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था. उन्हें अर्पिता मुखर्जी के टॉलीगंज फ्लैट में नकदी मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था. वहीं, ईडी घोटाले में धनशोधन की जांच कर रहा है. उल्लेखनीय है कि जब यह कथित घोटाला हुआ था, उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षामंत्री थे.

**टीएमसी ने पार्थ को सभी पदों से हटाया**

इधर, मंत्री पार्थ चटर्जी को गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार ने बर्खास्त कर दिया. इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस ने चटर्जी को पार्टी से निलंबित करने और उन्हें सभी पदों से हटाने की भी घोषणा की थी. चटर्जी को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया और तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया. इससे एक दिन पहले, पार्टी के राज्य महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने चटर्जी को पद से तुरंत हटाए जाने और पार्टी से भी तत्काल निष्कासित किए जाने की मांग की थी.



# आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह अंतर्गत एसपी द्वारा हर घर तिरंगा, मैराथन व अन्य कार्यक्रम किए निर्धारित



हमीरपुर'–पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को 11अगस्त 2022 से शुरू हो रहे आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह एवं इसके अंतर्गत हर घार तिरंगा,मैराथन व अन्य कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं! पुलिस अधीक्षक द्वारा उसके संबंध में बताया गया एवं इसमे बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की! इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रनिंग, मैडिटेशन, योगा,व्यायाम किया गया व व्यायाम की जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया गया।

# यूक्रेन से लौटे छात्रों को बड़ी राहत, 30 जून तक डिग्री पूरी कर चुके छात्र दे सकेंगे एफएमजी

विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है. दरअसल, कोविड और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण भारत लौटे अंतिम वर्ष के छात्रों, जिन्हें अपने संस्थानों से 30 जून 2022 या उससे पहले डिग्री प्राप्त हुई है, को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इस बारे में जानकारी दी है.

**एनएमसी ने जारी किया नोटिस**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा शुक्रवार को एक नोटिस जारी किया गया है. जिसमें कहा गया है कि एफएमजी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को एक साल की बजाय दो साल की कम्पल्सरी रोटेटिंग मेडिकल इंटर्नशिप करनी होगी. एनएमसी ने कहा कि विदेशी चिकित्सा स्नातक, दो साल सीआरएमआई पूरा करने के बाद ही पंजीकरण के लिए योग्य होंगे. आयोग ने कहा कि इन छात्रों को एक बार यह छूट दी गई है और भविष्य में ऐसा नहीं किया जाएगा.

**29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दिया था निर्देश**

एनएमसी की ओर से जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के 29 अप्रैल के आदेश के अनुसार, सूचित किया जाता है कि जो भारतीय छात्र अपने स्नातक चिकित्सकीय पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में थे, जिन्हें कोविड–19, रूस–यूक्रेन युद्ध आदि के चलते विदेशी चिकित्सा संस्थान छोड़ना पड़ा था और जिन्हें बाद में अपने संस्थान से पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र 30 जून 2022 या उसके पहले मिल चुका है, उन्हें एफएमजी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी. आयोग ने कहा कि एफएमजी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, ऐसे विदेशी चिकित्सा स्नातकों को क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए दो साल तक सीआरएमआई करना होगा.



# हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेताओं को स्मृति ईरानी की बेटी के खिलाफ आरोप संबंधी ट्वीट हटाने का दिया निर्देश



दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा दायर दीवानी मानहानि मामले में कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को शुक्रवार को समन जारी किया. इस मामले के बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आयी है. पार्टी की ओर से कहा गया है कि स्मृति ईरानी के मामले में हम सारे तथ्य हाई कोर्ट के समक्ष रखेंगे. आपको बता दें कि भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री ईरानी ने उनके और उनकी बेटी के खिलाफ कथित रूप से निराधार आरोप लगाने को लेकर दो करोड़ रुपये से अधिक के हर्जाने की मांग की है.

**सोशल मीडिया से ट्वीट हटाने का निर्देश**

न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने ईरानी और उनकी बेटी पर लगे आरोपों के संबंध में कांग्रेस नेताओं को सोशल मीडिया से ट्वीट, रीट्वीट, पोस्ट, वीडियो और तस्वीरें हटाने का भी निर्देश दिया.

कोर्ट ने कहा कि अगर प्रतिवादी 24 घंटे के भीतर उसके निर्देशों का पालन नहीं करते, तो सोशल मीडिया मंच ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब स्वयं इससे संबंधित सामग्री हटा दें. कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी पर गोवा में ष्अवैध बारष् चलाने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ईरानी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की थी. इसके बाद ईरानी ने यह कानूनी कार्रवाई की.

**स्मृति ईरानी के मामले में हम सारे तथ्य रखेंगे कोर्ट के समक्ष**

इधर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्मृति ईरानी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा समन जारी किये जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि वह और इस मामले में उल्लेखित अन्य कांग्रेस नेता कोर्ट के समक्ष सारे तथ्य रखेंगे तथा केंद्रीय मंत्री द्वारा इस मामले को भटकाने के प्रयास को विफल करेंगे.

उन्होंने अपने ट्विटर वॉल पर लिखा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने नोटिस जारी कर हमसे कहा है कि स्मृति ईरानी की ओर से दायर मामले पर हम औपचारिक रूप से जवाब दें.

हम अदालत के समक्ष तथ्यों को रखने के लिए उत्सुक हैं. रमेश ने कहा कि स्मृति ईरानी जिस तरह से मामले को भटकाने का प्रयास कर रही हैं उसे हम चुनौती देंगे और विफल करेंगे.

# बाड़मेर में विमान हादसा– मिग–21 ट्रेनर प्लेन दुर्घटना में दो पायलट की मौत, अब तक 200 से अधिक हो चुके शहीद

भारतीय वायुसेना का मिग–21 का फाइटर ट्रेनर विमान गुरुवार की रात राजस्थान के बाड़मेर जिले के बायतू इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई. भारतीय वायुसेना के अनुसार, यह विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था. यह हादसा गुरुवार की रात 9.10 बजे बायतू के भीमड़ा गांव के पास हुआ. सबसे बड़ी बात यह है कि मिग विमानों के विभिन्न हादसों में अब तक भारत के करीब 200 से अधिक पायलटों की जान जा चुकी है. दुर्घटनाग्रस्त मिग–21 फाइटर ट्रेनर विमान में शहीद होने वाले दो पायलटों की पहचान विंग कमांडर एम राणा और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अदितिया के रूप में की गई है.

**वायुसेना ने ट्वीट कर दी जानकारी**

भारतीय वायुसेना ने ट्वीट किया कि भारतीय वायुसेना का दो सीटों वाला मिग–21 ट्रेनर विमान आज शाम राजस्थान के उतरलाई हवाई अड्डे से प्रशिक्षण उड़ान के लिए रवाना हुआ. रात करीब 9रू10 बजे बाड़मेर के पास विमान दुर्घटनाग्रस्ध्त हो गया. दोनों पायलटों को जानलेवा चोटें लगीं. ट्वीट में कहा गया कि भारतीय वायुसेना को पायलटों की जान जाने का गहरा दुख है और वह शोक की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है. दुर्घटना के





कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं.

**राजनाथ सिंह और अशोक गहलोत ने व्यक्तकी संवेदना**

इससे पहले बाड़मेर के कलेक्टर लोक बंधु ने बताया कि यह वायुसेना का विमान था, जो बायतू के भीमड़ा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलने पर आला अधिकारी घटनास्ध्थल पर पहुंचे. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व राजस्ध्थान के मुख्ध्यमंत्री अशोक गहलोत ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए शोक संतप्ध्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है.

**कभी भारत की शान था मिग-21 फाइटर विमान**

बता दें कि मिग–21 फाइटर विमान कभी भारत की शान हुआ करता था. 2021 में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार बना मिग–21 बाइसन, जो पांच दुर्घटनाओं में शामिल था. इन हादसों में तीन पायलटों की जान गई. इस विमान को भारतीय सेना के खेमे में 1960 दशक में शामिल किया गया था. 1971 के युद्ध में भारतीय वायु सेना में तीन साल पहले ही शामिल हुए पहले सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग–21 ने पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर जमकर कहर बरपाया था.

**बांग्लादेश मुक्तिसंग्राम पाकिस्तान को किया था पस्त**

मिग–21 की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी वायु सेना के 13 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था,

जबकि उसे सिर्फ एक को खोना पड़ा था. इतना ही नहीं बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के आधुनिक ए–16 लड़ाकू विमान को भी मिग–21 ने खदेड़ा था. उस वक्त उसको विंग कमांडर अभिनंदन ही उड़ा रहे थे.

# परीक्षा के तनाव में छात्र ने ट्रेन के आगे कूद कर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर । बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कोठी गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह आठ बजे बीफार्मा के छात्र ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने परिजनों और कॉलेज प्रशासन को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गाजीपुर जिले के मनिहारी ख़ास निवासी रामकृति राम यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। उनका बेटा पवन कुमार (21) मंधना में किराए पर रहकर एक मेडिकल कॉलेज में बीफार्मा द्वितीय वर्ष में पढ़ रहा था। स्थानीय लोगो के मुताबिक़ सुबह करीब आठ बजे वह कॉलेज के सामने रेलवे ट्रैक पर हाथ में एक रजिस्टर लिए हुए खड़ा था। ट्रेन के आने पर लोगो ने शोर मचाकर हटने को कहा, लेकिन पवन ट्रैक से नहीं हटा और कानपुर से फर्रुखाबाद जाने वाली ट्रेन उसे रौंदते हुए निकल गई।सूचना पाकर मंधना चौकी पुलिस पहुंची।साथी छात्रों ने पवन की शिनाख्त की। मृतक के दोस्तों के मुताबिक शुक्रवार से पवन का सेमस्टर परीक्षा का पहला पेपर था और पवन ने देर रात तक जागकर पढ़ाई भी की थी। पुलिस परिजनों और कॉलेज प्रसाशन को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



## सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी, 97 किलो पॉलिथीन जब्त

कानपुर । सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को प्रवर्तन दस्ते ने पनकी पावर हाउस मार्केट की दुकानों में छापेमारी कर 97 किलो पॉलिथीन जब्त की और 49 हजार रुपए जुर्माना वसूला। नगर निगम प्रवर्तन दस्ते के प्रभारी कर्नल आलोक नारायण ने बताया कि बैन पॉलीथिन की सूचना पर टीम के साथ पनकी पावर हाउस के नजदीक मार्केट की दुकानों में छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान 8 दुकानों से 97 किलो बैन प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, कटोरी, कैरीबैग, थर्मोकोल की प्लेटें बरामद की गई। बैन पॉलिथीन अभियान को लेकर लोगों ने हल्का विरोध जताया।



कहा कि कंपनियों में प्लास्टिक लिफाफे बनाने पर बैन नहीं किया जाता है, लेकिन आम लोगों को परेशान करने के लिए कार्रवाई की जाती है। अभियान में प्रमुख रूप से प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र, हवलदार राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, राम नरेश, राजेश, इंद्रजीत, धनंजय, जितेंद्र, भूपेंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कुएं में गिरी गाय, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक गाय खुले कुएं में गिर गई। ग्रामीणों ने गाय को कुएं के अंदर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाय को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। लगभग 5 घंटे रेस्क्यू के बाद गाय को बाहर निकला गया है। घटना कोतवाली के गुच्चूपुर गांव की है। यहां गांव के किनारे खुले में एक कुंआ बना है। इसमें एक गाय गिर गई। कुएं की गहराई लगभग चालीस फीट बताई जा रही है। गाय जब कुएं के अंदर पानी में गिरी तो तेज आवाज आई। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की कुएं के अंदर एक गाय पड़ी हुई है। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112



पर फोन करके पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लगभग पांच घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पुलिसकर्मी व ग्रामीण कई बार प्रयास में तो विफल रहे। कड़ा मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। घाटमपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों को मदद से गाय को सकुशल रेस्क्यू किया है।

## ग्राम संगठन का हुआ गठन, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया जागरूक

कानपुर । नरवल के मनोहर खेड़ा गांव में शुक्रवार को ग्राम संगठन का गठन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पूरनपुर ग्राम प्रधान सरला उत्तम, श्रृष्टि समाजिक संस्था के संचालक के डी तिवारी व एसएचजी मैनेजर हिमांशु कुमारी और साझा प्रयास नेटवर्क की परियोजना अधिकारी मंजू लता दुबे का माला पहनाकर स्वागत किया। ग्राम प्रधान सरला उत्तम की अध्यक्षता में पंद्रह स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पदाधिकारियो का चयन किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी के तत्वाधान में कार्यक्रम साझा प्रयास नेटवर्क की परियोजना अधिकारी मंजू लता दुबे ने सुरक्षित गर्भ समापन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आशा बहुओं और आशा संगनियों को एमटीपी एक्ट संशोधन 2021 की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को कम करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सरला उत्तम, जीविका मिशन की मैनेजर हिमांशु कुमारी, श्रष्टि समाजिक संस्थान के अध्यक्ष के डी तिवारी, साझा



प्रयास ने नेटवर्क को परियोजना अधिकरी सहित 36 समूह संगिनी मौजूद रही।

# बिंदकी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## एक माह पूर्व मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का हुआ खुलासा

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली के गांधी चौराहे पर एक मोबाइल की दुकान में एक माह पूर्व नकब काटकर चोरी हुई थी जिसका खुलासा शुक्रवार को बिदकी पुलिस ने किया है बताते चलें कि बिदकी कस्बे के गांधी चौराहे पर एक मोबाइल की दुकान है जिसमें 1 माह पूर्व अज्ञात बदमाशों ने नकब लगाकर लाखों रुपए के मोबाइल चोरी कर लिए थे जिसमें दुकान मालिक ने कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया था मुकदमा पंजीकृत होने के बाद इस घटना क्रम में पुलिस लगातार काम कर रही थी शुक्रवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर शाहबाजपुर गांव के समीप आरोपी मोनू पाल पुत्र देवमणि पाल निवासी नवीन पुर थाना खखरेरू को गिरफ्तार किया हैजिसके पास 25 मोबाइल एक 315 बोर का तमंचा हुआ जिंदा कारतूस सहित 11500 रुपए बरामद हुए हैं गिरफ्तार करने वाली टीम कस्बा चौकी इंचार्ज सुमित नारायण तिवारी यस आई सुरेंद्र सिंह सिपाही नितेश कुमार इंद्रबीर सिंह ने अपनी टीम के साथ गिरफ्तार किया है मामले के खुलासे के दौरान कोतवाली प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी परशुराम त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी



मोनू पाल अपराधी किस्म का है जिसका प्रदेश के कई जिलों पर अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिसे शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है जिसके खिलाफ अपराधी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है ।

## आगामी 13 अगस्त को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्री–ट्रायल मीटिंग का हुआ आयोजन

'हमीरपुर'– दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में दिनांक 13 अगस्त 2022 को होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री–ट्रायल मीटिंग का आयोजन किया गया। प्री–ट्रायल मींटिग में वादों को अधिक से अधिक निस्तारित करने हेतु बल दिया गया। इसके अतिरिक्त प्री–ट्रायल मीटिंग में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश, श्री चन्द्रभान सिंह, लोक अदालत के नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट श्री मोहम्मद असलम सिद्दीकी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष नयायाधीश द0प्र0क्षे0 श्री विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 प्रथम श्री सुशील कुमार खारवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर, श्री नीरज कुमार महाजन, सिविल जज (सी0डि0)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर श्री सुदेश कुमार ,सिविल जज (जू0डि0) श्रीमती दीप्ती सिंह, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 सुश्री हर्षिता, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 महिलाओं के विरूद्व अपराध आचल राना एंव स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्री उमेंश चन्द्र श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे तथा इसके अलावा पुलिस प्रशासन,मुख्य चिकित्साधिकारी, ए0आर0टी0ओ0, ए0आर0एम0, बैंक अधिकारीगण व अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा।

जबकि लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्री मोहम्मद असलम सिद्दीकी द्वारा बताया कि जनपद न्यायालय, हमीरपुर परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

वादकारियों का आवाहन किया कि वह लोक अदालत में बढ चढ कर भाग ले व लोक अदालत को सफल बनायें।

# बैंक के सामने से बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में एक बैंक के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है बाइक स्वामी ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खजहु चौराहे पर केनरा बैंक के सामने सुधांशु कुमार पुत्र घनश्याम निवासी खजुहा ने अपनी बाइक बैंक के सामने खड़ी कर दी और काम कराने बैंक के अंदर चला गया उतने में अज्ञात चोरों ने भाई को पार कर दिया जब सुधांशु बैंक से काम कर वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक नहीं है तो उसने



काफी छानबीन की जब खोजबीन के दौरान बाइक नहीं मिली तो इस घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है सुधांशु कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है चोरों की तलाश की जा रही है ।

# गर्भवती महिला के साथ चचिया ससुर ने किया दुष्कर्म, गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत

## एसपी से की शिकायत, दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश

फतेहपुर । जनपद के मलवां थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ चचिया ससुर ने दुष्कर्म किया जिससे महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई बताते चलें कि जनपद के मलवां थाना क्षेत्र निवासी महिला ने एसपी से शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चचिया ससुर ने गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म किया है बताया कि जब से शादी हुई थी तब से चचिया ससुर हमेशा गंदी नजर से देखता रहा बीते दिन घर में अकेली देख चचिया ससुर ने दुष्कर्म किया जिससे गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत थाने में भी की थी लेकिन वहां पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई तब पीड़ित महिला ने एसपी से शिकायत की है एसपी ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर कड़ी एवं दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं ।




# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला नवविवाहिता का शव

फतेहपुर । जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला जिसे देख सनसनी फैल गई बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के मदरिया पुर गांव निवासी रितेश कुमार की पत्नी मधु देवी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला परिजनों ने बताया कि इसकी शादी 3 माह पूर्व हुई थी तब से वह मंगल कुशल अपने ससुराल में ही रह रही थी किसी बात के चलते नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जैसे ही इस



घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया परिजनों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी किसी प्रकार की तहरीर नहीं आई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

## अचानक कुएं में गिरी मानसिक रूप से विक्षिप्त बुजुर्ग महिला

कानपुर ।घ्घ घाटमपुर तहसील क्षेत्र के थाना साढ़ अंतर्गत बुजुर्ग महिला गुरुवार शाम से लापता थी जोकि दूसरे दिन शाम को गांव के बाहर स्थित एक कुएं में अचानक गिर गई थी, कुएं में पानी होने के चलते झम की आवाज होने पर ग्रामीणों ने कुएं पर जाकर देखा तो बुजुर्ग महिला कुआं में पड़ी हुई थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची वाह रेस्क्यू करके करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वृद्ध महिला को बाहर निकाला वह तुरंत ही, बुजुर्ग महिला को सीएचसी भीतर गांव में कराया भर्ती कराया जहां, उनका उपचार जारी है, जानकारी के अनुसार बता दें कि साढ थाना क्षेत्र के ढुहरपुर ग्राम निवासिनी रजनी 60 वर्षीय, जिनके पति का निधन कई वर्ष पहले हो गया था जिनका एक बेटा यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर फतेहपुर के औग थाने



में तैनात है, बेटे ज्ञान प्रकाश ने बताया कि उनकी मां रजनी अपने घर पर अपनी बहू और नातिन के साथ रहती हैं उनके बेटे सत्यप्रकाश जो की सीआरपीएम में तैनात थे उनकी लगभग 3 वर्ष पहले ट्रेन हादसे में मौत हो गई थी जिसके बाद मां रजनी मानसिक रूप से बीमार रहती थी, जिसके चलते गुरुवार शाम वह घर से गायब हो गई थी, जो शुक्रवार सुबह अचानक कुएं में गिर गई कुऐ में पानी होने के चलते आवाज आई जिस पर ग्रामीणों ने तत्काल जाकर कुएं में देखा तो वृद्ध महिला गिरी हुई थी, जिस पर पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने चारपाई के सहारे करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से बाहर निकाल कर तुरंत ही सीएससी भीतर गांव में भर्ती कराया है जहां पर उनका उपचार जारी है ।

## दो कारों व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

'हमीरपुर'– सुमेरपुर बांदा मार्ग में टेढ़ा गांव के पास किसान पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार दो कारें आमने सामने टकरा गई उसी समय पीछे से आ रहे बाइक सवार दो शिक्षक कार में जा घुसे। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। कस्बा सुमेरपुर निवासी महेश त्रिवेदी (28),वीरू तिवारी (25) मयंक तिवारी (29) उपचार कराने बांदा गए थे। शाम करीब 4:30 बजे यह बांदा से वापस कार द्वारा कस्बे में आ रहे थे। टेढा गांव के समीप किसान पेट्रोल पंप के सामने बांदा की ओर जा रही कार से आमने–सामने भिड़ंत हो गई। इसी बीच जसपुरा के तरफ से पीछे से आ रहे बाइक सवार दो शिक्षक संदीप प्रजापति एवं रोहित कुमार की बाइक कार में जा घुसी। इस घटना में यह दोनों शिक्षक भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर लाया गया। बांदा की ओर जा



रही कार के घायल कस्बे में नहीं आए। उनको इलाज के लिए जसपुरा ले जाया गया है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर किया जानलेवा हमला, हालत नाजुक

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली के चंदनपुर गांव में जमीनी रंजिश के चलते एक पक्ष के लोगो ने युवक को लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया परिजन तत्काल उसे लेकर सीएचसी घाटमपुर आये जहां से उसे गंभर हालत में जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया गया है जानकारी के अनुसार घाटमपुर कोतवाली के चंदनपुर गांव के कामता सिंह पर आज जमीन की पुरानी रंजिश मानते हैं जिसके चलते लल्लन, पप्पू, बबलू ने लाठी डंडो स हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजनों ने जानकारी होते ही घायल अवस्था में उसे लेकर कोतवाली घाटमपुर आये वहीं पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण हेतु सीएचसी घाटमपुर भेजा जहां से उन्हें जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया गया है वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

बहराइच । डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिसमें डीएम ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी को माह कम से कम 50 आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों का वेतन बाधित करने और प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिदिन 4 आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने और जुलाई में 10 से कम आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने वाले सीडीपीओ को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने डीपीओ और सीडीपीओ को विजिटर डायरी बनाये जाने के साथ जिओ टैगिंग और फोटो सहित टीएफटी तैयार कर आगामी बैठक में लाने को कहा। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि केन्द्र भ्रमण की स्थिति में सुधार लाया जाए। पोषण ट्रैकर पर आधार सीडिंग कार्य की समीक्षा के दौरान मिहींपुरवा, चित्तौरा, शिवपुर, नवाबगंज में 40 प्रतिशत से कम प्रगति पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने सम्बन्धित के



खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने का निर्देश दिया। 15 दिवस में स्थिति में सुधार न आने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

महराजगंज । जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकती युवक का शव मिला है।घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथपुर कला गांव की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि चौक थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी नितेश गुप्ता (22) रिलायंस कंपनी में काम करता था। मृतक रिलायंस का लोगो लगा कपड़ा भी पहना है। पुलिस ने घटनास्थल पर एक साइकिल व एक बैग भी बरामद किया है। घटना की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजन युवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं।

इस संबंध में सदर कोतवाल ने बताया कि बैजनाथपुर कला के बागीचे में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटकता मिला है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस को मौके से एक साइकिल व एक बैग मिला है।



# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस नेता का पुतला, विरोध प्रदर्शन के साथ की नारेबाजी

इटावा । जिले में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन के अमर्यादित बयान को लेकर आक्रोशित भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को शहर में करमगंज रोड पंजाबी कॉलोनी में कांग्रेस नेता का पुतला फूंका। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बिरला शाक्य के नेतृत्व में मोर्चा की महिलाओं ने सबसे पहले शास्त्री चौराहे पर अधीर रंजन का पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान मोर्चा की महिलाएं महिला पुलिसकर्मियों से हुई नोकझोंक के चलते पुतला नहीं फूंक सकीं थीं। इसके बाद महिला नेत्रियां बस स्टैंड तिराहा पर पहुंची और वहां पहुंचकर उन्होंने पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। महिला पदाधिकारियों ने जोरदार नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान जिला उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, राधा पाल,ऋचा मिश्रा, ममता गुप्ता, अनुराधा, सरला जाटव, बबली प्रजापति, कंचन तिवारी, राजेश्वरी के अलावा हिमांशु दुबे व दीपक तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# थाने में पड़ी मिली आंबेडकर की प्रतिमा, पुलिस महकमे में हड़कंप, तीन निलंबित

इटावा । जिले में बसरेहर के चौबिया थाने के शौचालय में पड़ी आंबेडकर की प्रतिमा पड़े होने का गुरुवार रात को वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जांच करने पहुंचे एसपी देहात ने एक दरोगा और दो सिपाहियों समेत तीन को निलंबित करने की संस्तुति करते हुए एसएसपी को रिपोर्ट भेजी है। इस मामले में बसपा जिलाध्यक्ष ने भी वीडियो वायरल किया है। साथ ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आंबेडकर की प्रतिमा के साथ अपमानजनक व्यवहार बर्दाशत नहीं किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में प्रथम दृष्टया एक दरोगा और दो सिपाहियों की भूमिका संदिग्ध है। उनको निलंबित किया गया है। साथ ही मामले की छानबीन की जा रही है कि मूर्ति थाने में कहां से आई। सूत्रों के



अनुसार बीना गांव में आंबेडकर की मूर्ति को लेकर विवाद हुआ था, तब मूर्ति थाने में रखवा ली गई थी । हालांकि जांच पड़ताल जारी है ।

# सराफ की दुकान से 20 लाख नकद और डेढ़ करोड़ का सामान चोरी

इटावा । जिले के चकरनगर कस्बा बाजार स्थित विपिन जैन ज्वेलर्स की दुकान में चोरों ने गुरुवार रात जैक से शटर उठाकर दो किलो सोना, 25 किलो चांदी, 20 लाख नगदी समेत करीब डेढ़ करोड़ का सामान समेट ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान के निकट ही खंडहर में नकाब लगाने समान एक जैक, लकड़ी की गट्टे ,एक काली प्लास्टिक की त्रिपाल बरामद किया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के डिवाइस को पुलिस खंगालने में जुटी है।



दुकान मालिक विपिन जैन के अनुसार लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक की चोरी हुई है। एसपी ग्रामीण सतपाल सिंह की अगुवाई में फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड जांच पड़ताल में जुटा है। पुलिस ने शीघ्र घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

# एक्सप्रेस-वे पर बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, साथी घायल

इटावा । जिले के ताखा में ऊसराहार थाना क्षेत्र के खरगुआ के पास आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर सुबह पांच बजे पलवल से बस्ती जा रही बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रकाश (35) निवासी जहालीपुर थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती व रामस्वरूप पुत्र सहबदीन निवासी मनवा थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती सवार थे। रास्ते में बाइक ऊसराहार थाना क्षेत्र के चौनल नंबर 123 के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे



प्रकाश की मौत हो गई। वहीं रामस्वरूप घायल हो गए। घायल को पीजीआई सैफई भेजा गया। थानाध्यक्ष ऊसराहार गंगादास गौतम ने बताया कि हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एक्सप्रेस वे चौकी पुलिस व यूपीडा ने दोनों घायलों को पीजीआई सैफई भेजा, जहां एक की मौत हो गई। एक गंभीर रुप से घायल है। उसका उपचार चल रहा है।

# ओपीडी में महिला डॉक्टर नदारद, मरीजों ने काटा हंगामा

'हमीरपुर'– जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में महिला डॉक्टर नदारद होने पर महिला डॉक्टर का इंतजार कर रही महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा।ओपीडी में तैनात दो चिकित्सकों में से एक भी महिला चिकित्सक के ड्यूटी पर मौजूद न होने से सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक ओपीडी में दिखाने आयी महिला मरीजों की भीड़ इंतजार करती रही। शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में मरीजों के इलाज को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह उदासीन बने हैं। इसके तहत न तो महिला चिकित्सक समय पर ड्यूटी पर पहुंचती हैं और न ही मरीजों का परीक्षण करती है। महिला अस्पताल में दो महिला चिकित्सक डॉ. आशा सचान, डॉ. अंशू मिश्रा की तैनाती है।शुक्रवार को अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए कोई भी महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थीं। इस कारण सुबह आठ बजे से ओपीडी में जुटी महिलाओं के सब्र का बांध तीन घंटे तक महिला डाक्टर के न आने से जवाब देने लगा और उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। नाराज महिलाओं ने महिला सीएमएस डॉ फौजीया से जिसकी शिकायत की। जिस पर महिला अस्पताल सीएमएस महिला मरीजों पर आग बबूला हो गई। इस दौरान महिला मरीजों ने डीएम से शिकायत करने की बात कही तो महिला सीएमएस ने भी उत्तर में डीएम से चाहे किसी से भी शिकायत कर दो की बात कही।

# इनोवा और टेंपो की आमने-सामने टक्कर, भीषण हादसे में छह लोगों की मौत

बांदा । जिले में शुक्रवार शाम इनोवा और आपे में जबरदस्त भिडंत हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। वाहनों में ही मृतकों के शव फंसे हुए थे, जिन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा रहा है। सूचना पर पहुंची बचाव कार्य में जुटी हुई है। अधिकारियों के अनुसार, इनोवा ने आपे में सामने से सीधी टक्कर मार दी, जिसमें आपे चकनाचूर। इस हादसे के बाद कई यात्रियों के शव आपे के मलबे में फंसे हुए हैं। इनोवा पानी भरे गड्ढे में कूदी और अनियंत्रित होकर आपे से भिड़ गई। चालक मौके से फरार है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही और घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसा गिरवां बस स्टैंड के पास हुआ है। यहां अनियंत्रित तेज रफ्तार इनोवा कार ने सवारियां ले जा रहे ऑटो को ज़ोरदार टक्कर मार दी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि ऑटो दो भाग में बंट गया। ऑटो पर सवार छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। मृतकों में तीन बच्चे भी बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर थाना प्रभारी महफूज आलम मौके पर पहुंचे और भी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मृतकों में जियासीन अहमद (90) पुत्र जिला कदम हुसैन निवासी



शेखनपुर, ओम प्रकाश (28) पुत्र श्यामलाल निवासी बांसी, छोटू पुत्र प्रमोद दिवेदी निवासी पनगरा थाना नरैनी, मोहित दिवेदी (13) पुत्र प्रमोद द्विवेदी निवासी पनगरा, प्रमोद द्विवेदी (45) पुत्र जगन्नाथ निवासी पनगरा सहित दो अज्ञात शामिल है । वही घायलों में सुंदरम पांडे पुत्र राधेश्याम पांडे निवासी बांसी थाना गिरवा, राकेश पुत्र रामचरण निवासी करतल थाना नरैनी, सुमन पत्नी विजय धोबी ग्राम मसूरी थाना गिरवा, चंद्रावली यादव पुत्री छत्रपाल यादव निवासी जमरेही थाना गिरवा,शिवम पांडे पुत्र राधेश्याम पांडे निवासी बांसी थाना गिरवा और एक अज्ञात शामिल है जो गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कीचड़ युक्त सड़क से स्थानीय लोग परेशान

श्रावस्ती । ब्लॉक जमुनहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा भावनियापुर के मजरा भावनियापुर में पीडब्ल्यूडी सड़क पर अवैध कब्जा कर लिया गया सड़क पर निकलने वाले राहगीरों को हो रही परेशानी क्योंकि सड़क पर अवैध तरीके से मिट्टी पाटकर किए गए कब्जे से बीच रास्ते मेन रोड पर जगह कम होने पर चार पहिया दो पहिया वाहनों को हो रही भारी तकलीफ उसी गांव के रहने वाले दबंगों ने मिट्टी पाट कर किया कब्जा। लोगों के घरों



का पानी सड़कों पर बह रहा है रास्ता जलभराव के कारण आने जाने लायक नहीं है जिसके चलते आम लोगों को आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है ।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत किया जागरूकता रैली का आयोजन

श्रावस्ती । शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत श्री रविंद्र कुमार राजेश्वरी कमांडेंट महादेव के दिशा निर्देश में 62वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा की सभी सीमा चौकियों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर सीमावर्ती लोगों ने राष्ट्रीय की भावना जागृत करने एवं आजादी के 75 वर्ष बनाने के उपलक्ष में तिरंगे के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक रघुनाथ निरीक्षक प्रदीप मौर्या, सभी सीमा चौकी




प्रभारी एवं अन्य बल कर्मी उपस्थित रहे ।

# 'बीमारी से तंग आकर वृद्ध किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या'

'हमीरपुर'– जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल गांव में बीती रात बृद्ध किसान ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा ली। सुबह होने पर परिजनों ने उसका शव फंदे पर झूलता पाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। धौहल बुजुर्ग निवासी मृतक के पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि उसके पिता परशुराम विश्वकर्मा 65 पुत्र मुरलीधर किसान है वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था । माता पिता एक ही मकान में साथ रह रहे थे। गुरुवार की रात वह खाना खाने के बाद कमरे में जाकर सो गए। रात को किस समय उन्होंने रस्सी का फंदा बनाया और दरवाजे में झूल गये, जिससे उनकी मौत हो गई। सुबह होने पर जब मां जागी और कमरे में देखा तो पिता का शव फंदे पर झूल रहा था। पिता की मौत से घर में कोहराम मच गया और कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की मौजूदगी में फंदे पर झूल रहे परसुराम के शव को उतारा गया।